नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विश्वविद्यालय से बापू कुटी तक पदयात्रा कर बापू को किया नमन

वर्धा, 30 जनवरी, 2020: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय से बापू कुटी, सेवाग्राम तक पदयात्रा निकाली गयी। पदयात्रा में जय जगत शांति पदयात्रा के कार्यकर्ता एवं गांधी चिंतक शामिल हुए। विश्वविद्यालय के नागार्जुन अतिथि गृह से गांधी हिल, पंजाब कॉलनी, आर्वी नाका होते हुए यह यात्रा सेवाग्राम मार्ग स्थित गांधी पुतले के पास पहुंचने पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट, प्रो. मनोज कुमार, पी. वी. राजगोपाल और असंख्य कार्यकर्ताओं ने गांधीजी की प्रतिमा पर सूतमाला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान शांति और अहिंसा के लिए विश्व पदयात्रा के कार्यकर्ता भी शामिल हुए। यात्रा का समापन सेवाग्राम स्थित बापू कुटी परिसर में किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।




